# GSEB Std 9 Hindi Textbook Solutions Chapter 9 निर्भय बनो

**Std 9 GSEB Hindi Solutions निर्भय बनो Textbook Questions and Answers**

**स्वाध्याय**

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :**

**प्रश्न 1. प्रियोदा को सभी लोग क्यों प्यार करते है?**

उत्तर :

प्रियोदा बहुत सेवाभावी लड़का है। प्रत्येक रविवार को वह "संन्यासी आश्रम' के लिए मुठिया वसूलने निकलता है। स्कूल का कोई छात्र या शिक्षक बीमार हो जाए तो प्रियोदा अपने साथियों के साथ उसकी देखभाल के लिए पहुंच जाता है। वह तब तक उसकी सेवा करता है, जब तक वह पूरी तरह भला-चंगा नहीं हो जाता। अपने साथियों के साथ प्रियोदा बहुत आत्मीय व्यवहार करता है। वह उनके गुणों को विकसित करता और उन्हें निर्भय बनाता है। किसी के बारे में अपशब्द बोलना उसे पसंद नहीं है। इस प्रकार प्रियोदा की सेवाभावना तथा स्नेहपूर्ण स्वभाव के कारण उसे सब प्यार करते हैं।

**प्रश्न 2. प्रियोदा के दल के तीन सदस्यों के नाम बताइए।**

उत्तर :

प्रियोदा के दल के तीन सदस्य - मनमोहन, सूर्यनारायण और इब्राहीम। मनमोहन खूब तेज लड़का है। उसका गला बहुत मीठा है। उसे गाने का शौक है। उसके गाने की सभी प्रशंसा करते हैं। सूर्यनारायण पढ़ने में कमजोर है पर उसका शरीर मजबूत है, क्योंकि वह रोज एक-सौ दंड-बैठक करता है। वह दल के सदस्यों को तैरना सिखाता है। इब्राहीम को अपशब्द 'साला' बोलने की आदत है। सरकारी अफसरों को 'साला' बोलने में उसे कोई बुराई नहीं लगती। वह दलीलबाजी करता है, फिर भी क्लब के नियमों का पालन करता है।

**प्रश्न 3. प्रियोदा की टोली कौन-कौन से सेवा कार्य करती है?**

उत्तर :

प्रियोदा की टोली सेवाभावी लड़कों का दल है। यह टोली हर रविवार को सुबह 'संन्यासी आश्रम' के लिए मुठिया वसूलती है। इसके लिए उसे कस्बे के मुहल्लों में जाना पड़ता है। स्कूल का कोई छात्र या शिक्षक बीमार पड़ता है तो प्रियोदा की यह टोली उसके घर पहुंच जाती है। टोली के सदस्य रोगी के पूरी तरह स्वस्थ हो जाने तक उसकी सेवा करते हैं। हैजा जैसी बीमारियों में यह टोली लोगों के लिए वरदान बन जाती है। इस प्रकार प्रियोदा की टोली कई तरह के सेवाकार्य करती है।

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

**प्रश्न 4. मनमोहन को तैरना सिखाने की जिम्मेदारी किसे सौंपी गई?**

उत्तर :

मनमोहन को तैरना सिखाने की जिम्मेदारी दल के सदस्य सूर्यनारायण को सौंपी गई। सूर्यनारायण रोज एक-सौ दंड-बैठक करता था। वह मजबूत शरीर का लड़का था। दल के सदस्यों को वही तैरना सिखाता था। सूर्यनारायण ने कहा कि एक दिन उठाकर पानी में फेंक दूंगा, तो खुद तैरने लगेगा।

**प्रश्न 5. इब्राहीम ने किस बात के लिए माफ़ी माँगी?**

उत्तर :

प्रियोदा के दल का नियम था कि कोई सदस्य मुंह से किसी प्रकार का अपशब्द या गाली नहीं निकालेगा। इब्राहीम ने सबडिप्टी साहब के अर्दली के लिए 'साला' अपशब्द बोला था। इस तरह उसने दल के नियम को तोड़ा था। प्रियोदा के 'हॉल्ट' कहने पर उसे अपनी गलती का एहसास हुआ। इसलिए अपनी गलती के लिए उसने माफी मांगी।

**प्रश्न 6. अपशब्द न बोलने के बारे में क्लब का क्या नियम था?**

उत्तर :

प्रियोदा वाणी के शिष्टाचार को महत्त्व देता था। इसलिए उसने यह नियम बनाया था कि दल का कोई सदस्य किसी प्रकार का अपशब्द या गाली अपने मुंह से नहीं निकालेगा। अपशब्द या गाली देने पर 'हॉल्ट' बोलकर उसे चेतावनी दी जाती थी। 'दस' से अधिक बार अपशब्द या गाली मुंह से निकालने पर क्लब के सदस्य उसका साथ छोड़ देते थे। इस प्रकार अपशब्द न बोलने के बारे में क्लब का कठोर नियम था।

## 2. निम्नलिखित प्रश्नों के एक-एक वाक्य में उत्तर लिखिए :

**प्रश्न 1. प्रियोदा के दल के सदस्य शनिवार की शाम को कहाँ पर एकत्र होते हैं?**

उत्तर :

प्रियोदा के दल के सदस्य शनिवार की शाम को परमान नदी के उस पार 'बालूचर' पर एकत्र होते हैं।

**प्रश्न 2. स्कूल की छुट्टी के बाद सभी सदस्य मिलने पर क्या करते हैं?**

उत्तर :

स्कूल की छुट्टी के बाद सभी सदस्य मिलने पर रविवार का प्रोग्राम तय करते हैं।

**प्रश्न 3. मनमोहन ने प्रियोदा के पहले प्रश्न के उत्तर में किस भारतीय महापुरुष का नाम लिया?**

उत्तर :

मनमोहन ने प्रियोदा के पहले प्रश्न के उत्तर में महात्मा गांधी का नाम लिया।

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

**प्रश्न 4. पक्षी को किसने गोली मारी थी?**

उत्तर :

पक्षी को गोली सब-डिप्टी साहब ने मारी थी।

**प्रश्न 5. प्रियोदा के मुँह से 'हॉल्ट' क्यों निकला?**

उत्तर :

'साला' शब्द के प्रयोग पर इब्राहीम को उसकी गलती का एहसास कराने के लिए प्रियोदा के मुंह से 'हॉल्ट' शब्द निकला।

**प्रश्न 6. सड़क के दोनों ओर कौन-से वृक्ष थे?**

उत्तर :

सड़क के दोनों ओर पीपल के बड़े-बड़े वृक्ष थे।

**3. निम्नलिखित प्रश्नों के दो-तीन वाक्यों में उत्तर लिखिए :**

**प्रश्न 1. कस्बे के अधिकांश लोग प्रियोदा और साथियों को क्यों पहचानते थे?**

उत्तर :

प्रियोदा और उसके साथी हर रविवार की सुबह 'संन्यासी आश्रम' के लिए मुठिया मांगकर लाते थे। स्कूल के किसी छात्र या शिक्षक के बीमार पड़ने पर वे उसके अच्छे होने तक उसकी सेवा करते थे। उनके इसी सेवाभाव के कारण कस्बे के अधिकांश लोग प्रियोदा और उसके साथियों को पहचानते थे।

**प्रश्न 2. प्रियोदा की दोली शनिवार को स्कूल से छूटने के बाद क्या करती है?**

उत्तर :

शनिवार को स्कूल से छूटने के बाद प्रियोदा की टोली बालूचर पर जमा होती है। खेल-कूद, गाने-बजाने के बाद प्रियौदा दुनियाभर की खबरें सुनाते हैं। फिर वे रविवार की सेवा का कार्यक्रम तय करते हैं।

**प्रश्न 3. मनमोहन को तैरता सिखाने के बारे में सूर्यनारायण ने क्या कहा?**

उत्तर :

मनमोहन को तैरना सिखाने की जिम्मेदारी सूर्यनारायण को सौंपी गई थी। इस बारे में उसने कहा कि एक दिन उसे उठाकर पानी में फेंक दूंगा, तो खुद तैरने लगेगा।

**प्रश्न 4. पुल के पास गाड़ीवान क्या कर रहा था?**

उत्तर :

प्रियोदा के दल के सभी सदस्य घर लौट रहे थे। उन्होंने देखा कि पुल के पास एक गाडीवान तन्मय होकर एक लोकगीत गा रहा था।

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

**प्रश्न 5. मनमोहन का भय दूर करने के लिए प्रियोदा ने क्या किया?**

उत्तर :

मनमोहन का भय दूर करने के लिए प्रियोदा उसे उस रास्ते से ले गए जो बिल्कुल सुनसान और डरावना था। उन्होंने मनमोहन को वह उजड़ा मकान दिखाया जहाँ पहले मुर्दों की चीर-फाड़ होती थी। लोग मानते थे कि वहाँ आसपास के पेड़ों पर अब भी भूत-पिशाच रहते हैं और प्रेतनियाँ झुंड बनाकर नाचती हैं।

**प्रश्न 6. भूत-प्रेत के बारे में प्रियोदा ने मनमोहन से क्या कहा?**

उत्तर :

भूत-प्रेत के बारे में प्रियोदा ने मनमोहन से कहा कि दस काम करनेवाला तो खुद भूत होता है। जो खुद भूत है, उसे दूसरे भूत से क्या डर?

**प्रश्न 7. प्रियोदा की टोली का रविवार को क्या कार्यक्रम होता था?**

उत्तर :

रविवार को प्रियोदा की टोली पहले से निर्धारित मुहल्ले में मुठिया वसूलने जाती थी। इसी तरह टोली के कुछ लोग बीमार व्यक्ति की सेवा करने जाते थे।

### 4. सविस्तार समजाइए :

**प्रश्न 1. सूरज पश्चिम की ओर झुक गया।**

उत्तर :

प्रियोदा और उसके साथी बहुत देर तक बातें करते रहे। धीरे-धीरे शाम होने को आई। सूर्य पश्चिम दिशा में डूबने की तैयारी करने लगा।

**प्रश्न 2. दस और देश का काम करनेवाला तो खुद भूत होता है- उसको भूत क्या कर सकता है?**

उत्तर :

दस का और देश का काम करनेवाले को समय-असमय यहाँ-वहाँ जाना पड़ता है। वह न दिन देखता है, न रात, जो करना है, उसे करने चल पड़ता है। कहीं पर भी और किसी भी रास्ते से जाने में वह नहीं डरता। इस तरह वह खुद भी भूत बन जाता है। तुमको भी दस और देश का काम करने के लिए इसी तरह भूत बनना है। इसलिए तुम्हें निर्भय बनना चाहिए।

**प्रश्न 3. राम रहीम ना जुदा करो भाई, दिल को सच्चा रखना जी...**

उत्तर :

राम और रहीम दोनों एक ही ईश्वर के दो अलग-अलग नाम हैं। दोनों को अलग-अलग समझना भूल है। मन की पवित्रता जरूरी है। मन पवित्र हो तो राम और रहीम का भेद अपने आप मिट जाता है।

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

**प्रश्न 4. भोला गरीबक दीन-पहिया हरब भोला...**

उत्तर :

टिप्पणी : यह उद्धरण आंचलिक बोली का होने से और इकाई (पाठ) में इसका सीधा संदर्भ न मिलने से यहाँ इसका उत्तर नहीं दिया गया।

## 5. सही जोड़े मिलाइए:

**प्रश्न 1.**

1. **मनमोहन - पहलवान**
2. **प्रियव्रतराय - खचड़ा**
3. **सूर्यनारायण - एक नदी**
4. **डिप्टी का अर्दली - मैट्रिक का विद्यार्थी**
5. **परमान - हैजे से डरनेवाला**

उत्तर :

1. मनमोहन - हैज़े से डरनेवाला
2. प्रियव्रत राय - मैट्रिक का विद्यार्थी
3. सूर्यनारायण - पहलवान
4. डिप्टी का अर्दली - खचड़ा
5. परमान - एक नदी

## 6. शब्द समूहो के लिए एक-एक शब्द लिखिए :

**प्रश्न 1.**

1. **दूसरों के किए हुए उपकार को माननेवाला......**
2. **दसरों के किए गए उपकार को न माननेवाला.......**
3. **मुर्दो के चीर-फाड़ की जगह.........**
4. **जहाँ बीमारों को भर्ती करके इलाज होता है......**

उत्तर :

1. कृतज्ञ
2. कृतघ्न
3. पोस्टमार्टम हाउस
4. अस्पताल

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

## 7. सूचनानुसार उत्तर दीजिए :

**प्रश्न क. विरुद्धार्थी शब्द लिखिए:**

1. **गरीब**
2. **प्यार**
3. **स्वस्थ**
4. **गलत**
5. **उजड़ा**

उत्तर :

1. अमीर
2. नफरत
3. अस्वस्थ
4. सही
5. हराभरा

**प्रश्न ख. दो-दो समानार्थी शब्द लिखिए:**

1. **सुबह**
2. **शाम**
3. **दल**
4. **कमज़ोर**
5. **मकान**

उत्तर :

1. प्रभात
2. साँझ
3. झुंड
4. दुर्बल
5. घर

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in